# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 30-3-26 | 04 | 5-6 |


# हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 30 कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति पर कुलपति ने किया सम्मानित



कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज सेवा सम्मान समारोह में कर्मचारियों को सम्मानित करते ।

जागरण संवाददाता • हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में पिछले पांच माह के दौरान सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए फ्लेचर भवन के सभा कक्ष में सेवा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। उन्होंने सेवानिवृत हुए विश्वविद्यालय के 30 कर्मचारियों को शाल व स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। कुलपति प्रो. काम्बोज ने बताया कि विश्वविद्यालय अपने सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के उत्कृष्ट नेतृत्व, अनुभव और प्रेरणादायक मार्गदर्शन के लिए सदैव आभारी रहेगा। कुलसचिव डा. पवन कुमार ने सेवानिवृत हुए कर्मचारियों को मिलने वाले सभी सेवानिवृति लाभों की विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर उप वित्त नियंत्रक शोभित कपूर, अधीक्षक विजय बहल व उप अधीक्षक अंजु रानी उपस्थित रहे। विवि में बीते पांच माह में पांच वैज्ञानिक, एक कैंपस स्कूल से शिक्षक, 24 गैरशिक्षक कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। वैज्ञानिकों में डा. राजेंद्र कुमार, डा. प्रदीप सिंह सहरावत, डा. राम करण, डा. कृष्ण कुमार, डा. सुरेंद्र सिंह, स्कूल शिक्षक में सुषमा चौधरी जबकि गैर-शिक्षक कर्मचारियों में सुरिंद्रजीत कौर, सविता रानी, कृष्णा नंद पांडे, हरपाल सिंह, खमाना राम, सिया नंद, श्री पाल, कृष्ण लाल मुंजाल, नफे सिंह, कन्हैया लाल, राधा कृष्ण, लोकेश कुमार, हनुमान, रोहताश, शेष नाथ, राम मेहर, मारिया देवी, संतोष कुमारी, राजबीर सिंह, जगदीश चंद्र, बलबीर सिंह, राम कुमार यादव, बसंत बल्लभ व चंद्रिका प्रसाद शामिल है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 30-3-26 | 04 | 1-2 |

# हकृवि में सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए सेवा सम्मान समारोह आयोजित



*कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज सेवा सम्मान समारोह में कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए।*

हिसार, 29 मार्च (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में गत पांच माह के दौरान सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए फ्लैचर भवन के सभा कक्ष में सेवा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। उन्होंने 30 सेवानिवृत हुए विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को शॉल तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर के सम्मानित किया।

विश्वविद्यालय से गत पांच माह के दौरान 5 वैज्ञानिक, एक कैंपस स्कूल शिक्षक तथा 24 गैरशिक्षक कर्मचारी सेवानिवृत हुए। वैज्ञानिकों में डॉ. राजेन्द्र कुमार, डॉ. प्रदीप सिंह सहरावत, डॉ. राम करण, डॉ. कृष्ण कुमार, डॉ. सुरेन्द्र सिंह, स्कूल शिक्षक में सुषमा चौधरी जबकि गैर-शिक्षक कर्मचारियों में सुरिन्दर जीत कौर, सविता रानी, कृष्णा नंद पांडे, हेरपाल सिंह, खमाना राम, सिया नंद, श्रीपाल, कृष्ण लाल मुंजाल, नफे सिंह, कन्हैया लाल, राधा कृष्ण, लोकेश कुमार, हनुमान, रोहताश, शेष नाथ, राम मेहर, मारिया देवी, संतोष कुमारी, राजबीर सिंह, जगदीश चन्द्र, बलबीर सिंह, राम कुमार यादव, बसंत बल्लभ व चन्द्रिका प्रसाद शामिल है।

## चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 30-3-26 | 05 | 1-4 |


# हकृवि में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए सेवा सम्मान समारोह आयोजित

हिसार, 29 मार्च (विरेन्द्र वर्मा) : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में गत पांच माह के दौरान सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए फ्लैचर भवन के सभा कक्ष में सेवा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। उन्होंने 30 सेवानिवृत हुए विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को शॉल तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर के सम्मानित किया। कुलपति प्रो. काम्बोज ने अपने सम्बोधन में कहा कि विश्वविद्यालय अपने सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के उत्कृष्ट नेतृत्व, अनुभव और प्रेरणादायक मार्गदर्शन के लिए सदैव आभारी रहेगा। विश्वविद्यालय की प्रगति और विकास में उनके अमूल्य योगदान ने एक मजबूत नींव तैयार की है। उन्होंने कहा कि यह सभी के प्रयासों का ही नतीजा है कि विश्वविद्यालय आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाए हुए है। विश्वविद्यालय परिवार उनके सुखद भविष्य की कामना करता है। उन्होंने कहा कि आज हम यहां उन अधिकारियों और कर्मचारियों के सम्मान के लिए एकत्रित हुए हैं जिन्होंने अपने लंबे सेवा काल के दौरान् विश्वविद्यालय की उन्नति और विकास के लिए अपना बहुमूल्य योगदान दिया है। किसी भी संस्थान की प्रगति केवल भवनों और संसाधनों से नहीं होती, बल्कि वहां कार्य करने वाले समर्पित और कर्मठ लोगों से होती है। कुलपति ने कहा कि सेवा निवृत्ति जीवन का एक नया अध्याय है। यह वह समय है जब व्यक्ति अपने अनुभवों और उपलब्धियों को याद करते हुए जीवन के नए आयामों की ओर अग्रसर होता है। हमें पूरा विश्वास है कि हमारे सम्मानित अधिकारी और कर्मचारी भविष्य में भी अपने अनुभवों और ज्ञान से समाज और संस्थान को मार्गदर्शन देते रहेंगे। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने सेवानिवृत हुए कर्मचारियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा इस विश्वविद्यालय के दरवाजे सदैव सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए खुले हैं। वह अपने कार्य के लिए किसी भी समय यहां आ सकते हैं। उन्होंने सेवानिवृत हुए कर्मचारियों को मिलने वाले सभी सेवानिवृति लाभों की विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर उप वित्त नियंत्रक शोभित कपूर, अधीक्षक विजय बहल व उप अधीक्षक अंजु रानी उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय से गत पांच माह के दौरान 5 वैज्ञानिक, एक कैंपस स्कूल शिक्षक तथा 24 गैरशिक्षक कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। वैज्ञानिकों में डॉ. राजेन्द्र कुमार, डॉ. प्रदीप सिंह सहरावत, डॉ. राम करण, डॉ. कृष्ण कुमार, डॉ. सुरेन्द्र सिंह, स्कूल शिक्षक में सुषमा चौधरी जबकि गैर-शिक्षक कर्मचारियों में सुरिन्दर जीत कौर, सविता रानी, कृष्णा नंद पांडे, हरपाल सिंह, खमाना राम, सिया नंद, श्री पाल, कृष्ण लाल मुंजाल, नफे सिंह, कन्हैया लाल, राधा कृष्ण, लोकेश कुमार, हनुमान, रोहताश, शेष नाथ, राम मेहर, मारिया देवी, संतोष कुमारी, राजबीर सिंह, जगदीश चन्द्र, बलबीर सिंह, राम कुमार यादव, बसंत बल्लभ व चन्द्रिका प्रसाद शामिल है।




कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज सेवा सम्मान समारोह में कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि-भूमि | 30-3-26 | 11 | 3-6 |

## सभी कर्मचारियों के प्रयासों से ही विश्वविद्यालय ने बनाई अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान : प्रो. कम्बोज

■ हकृवि में सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए सेवा सम्मान समारोह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में गत पांच माह के दौरान सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए फ्लैचर भवन के सभा कक्ष में सेवा सम्मान समारोह हुआ। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने 30 सेवानिवृत्त हुए विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को शॉल तथा स्मृति चिह्न भेंट कर के सम्मानित किया। कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज ने अपने सम्बोधन में कहा कि विश्वविद्यालय अपने सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के उत्कृष्ट नेतृत्व, अनुभव और प्रेरणादायक मार्गदर्शन के लिए सदैव आभारी रहेगा। सभी के प्रयासों का ही नतीजा है कि विश्वविद्यालय आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाए हुए है।

विश्वविद्यालय परिवार उनके सुखद भविष्य की कामना करता है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा इस विश्वविद्यालय के दरवाजे सदैव सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए खुले हैं। इस अवसर पर उप वित्त नियंत्रक शोभित कपूर, अधीक्षक विजय बहल व उप अधीक्षक अंजु रानी उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय से गत पांच माह के दौरान पांच वैज्ञानिक, एक कैंपस स्कूल शिक्षक तथा 24 गैर शिक्षक कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। वैज्ञानिकों में डॉ. राजेन्द्र कुमार, डॉ. प्रदीप सिंह सहरावत, डॉ. राम करण, डॉ. कृष्ण कुमार, डॉ. सुरेन्द्र सिंह, स्कूल शिक्षक में सुषमा चौधरी जबकि गैरशिक्षक कर्मचारियों में सुरिन्दर जीत कौर, सविता रानी, कृष्णा नंद पांडे, हरपाल सिंह, खमाना राम, सिया नंद, श्री पाल, कृष्ण लाल मुंजाल, नफे सिंह, कन्हैया लाल, राधा कृष्ण, लोकेश कुमार, हनुमान, रोहताश, शेष नाथ, राम मेहर, मारिया देवी, संतोष कुमारी, राजबीर सिंह, जगदीश चन्द्र, बलबीर सिंह, राम कुमार यादव, बसंत बल्लभ व चन्द्रिका प्रसाद शामिल है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 30-3-21 | 04 | 05 |

## सेवानिवृत्त कर्मचारियों को समारोह में सम्मानित किया

हिसार | हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में गत पांच माह के दौरान सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए फ्लैचर भवन के सभा कक्ष में सेवा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। उन्होंने 30 सेवानिवृत्त हुए विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को शॉल तथा स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय अपने सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सदैव आभारी रहेगा। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को कहा कि इस विश्वविद्यालय के दरवाजे सदैव सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए खुले हैं। इस अवसर पर उप वित्त नियंत्रक शोभित कपूर, अधीक्षक विजय बहल व उप अधीक्षक अंजु रानी उपस्थित रही। विश्वविद्यालय से गत पांच माह के दौरान 5 वैज्ञानिक, एक कैंपस स्कूल शिक्षक तथा 24 गैरशिक्षक कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए।